Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to award senior fellowship to researchers belonging to backward classes in Indian Council of Philosophical Research, New Delhi.

श्री लक्ष्मी नारायण यादव (सागर): मैं सरकार के संज्ञान में भारत सरकार के उपक्रम भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा सरकार की सभी शिक्षण संस्थानों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों की 27 प्रतिशत आरक्षण देने की नीति की अवहेलना के मामले को लाना चाहता हूं।

भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् प्रतिवर्ष दर्शन दिवस पर अनुसंधान हेतु यूनियन सीनियर फेलोशिप देता है। इस फेलोशिप की सूची में गत वर्ष तक पिछड़े वर्ग के अनुसंधानकर्ताओं की सूची अलग से जारी होती रही है।

परन्तु इस वर्ष (2017) की सूची से इस केटेगिरी को हटा दिया गया और मात्र सामान्य की ही सूची जारी की गई है। यह भारत सरकार की घोषित नीति का स्पष्ट उल्लंघन है। अतः मेरा अनुरोध है कि इस संस्थान का सरकार परीक्षण कर इसके खिलाफ कार्रवाई करे ।